रेशमी वस्त्र उद्योगों को छोड़ कर । जिन कारखानों / संस्थानों में ५० या इससे अधिक कर्मचारी काम करते हैं उनमें भविष्य निधि की दर इस प्रकार बढ़ा दी गई है :—

(१) १ नवम्बर, १९६३—वस्त्र (पूर्ण या आंशिक रूप से कृत्रिम रेशम और ऊन का बना हुआ ) ।

(२) १ दिसम्बर, १९६३—वस्त्र (पूर्ण या आंशिक रूप से सूत का बना हुआ) ।

(ख) कपड़े के उन कारखानों के बारे में, यदि कोई हों, जो बढ़ी हुई दरों पर अंशदान नहीं दे रहे, सूचना एकत्र की जा रही है और सभा की मेज़ पर रख दी जायेगी ।

**Pak. Raid in Jammu**

2493. **Shri Onkar Lal Berwa:**
**Shri D. C. Sharma:**

Will the Minister of **Defence** be pleased to state:

(a) whether Ramgarh area of Jammu was again raided by Pakistani intruders on the night of 4th and 5th April who succeeded in carrying away two heads of cattle; and

(b) if so, the details of the incident and the action taken in the matter?

**The Deputy Minister in the Ministry of Defence (Shri D. R. Chavan):** (a) and (b). On the night of 4th April 1964, four intruders entered village Devigarh and tried to lift cattle from a house. When challenged by the villagers, they fled to Pakistan leaving the cattle behind. The place of occurrence is half a mile inside the border and about 10 miles West of **Ramgarh.**

**दिल्ली में पंजीकृत बेरोजगार**

२४९४. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
**श्री शिंकरे :**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ३१ दिसम्बर, १९६३ को दिल्ली के रोजगार दफ्तरों में कितने लोगों के नाम पंजीकृत थे और उन में से कितने लोगों को १९६३ में रोजगार दिलाया गया;

(ख) क्या ऐसे भी कुछ नाम हैं जो २ वर्ष से अधिक समय से पंजीकृत हैं और उन्हें रोजगार नहीं मिल सका है; और

(ग) यदि हां, तो उनकी संख्या क्या है ?

**श्रम और रोजगार मंत्रालय में उपमंत्री तथा योजना उपमंत्री (श्री चे० रा० पट्टाभिरामन) :** (क)

| | |
|---|---|
| ३१ दिसम्बर, १९६३ को रोजगार कार्यालयों के चालू रजिस्टरों में दर्ज नाम . | ८६,८७२ |
| सन् १९६३ के दौरान रोजगार सम्बन्धी सहायता पाने वालों की संख्या . | २०,९०० |

(ख) हां ।

(ग) ५,३७१ ।

**कारखानों के मुख्य सलाहकार के कार्यालयों के पदाधिकारी**

२४९५ **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
**श्री यशपाल सिंह :**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कारखानों के मुख्य सलाहकार के कार्यालय और उसके अधीनस्थ कार्यालयों में प्रथम श्रेणी के ऐसे कितने कर्मचारी हैं जो पिछले १५ वर्षों से कार्यालय में काम कर रहे हैं;